# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Eco-friendly e-rickshaw service started at CUH**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 13-05-2022**

# हकेंविवि में इको फ्रेंडली ई-रिक्शा की हुई शुरुआत

## निर्धारित शुल्क देकर विवि परिसर में आवागमन कर सकेंगे विद्यार्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ परिसर में आवागमन की सुविधा के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने पर्यावरण हितैषी ई-रिक्शा की शुरूआत की। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व आगंतुकों के एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने-जाने के लिए पांच इको फ्रेंडली ई-रिक्शा उपलब्ध कराएं जाएंगे जिसकी शुरूआत की गई।

कुलपति ने इस सुविधा की शुरूआत करते हुए कहा कि इस सुविधा माध्यम से विवि परिसर में एक भवन से दूसरे भवन आने-जाने में सुविधा होगी और बैटरी आधारित ई-रिक्शा इको फ्रैंडली होने से वाहनों से होने वाले प्रदूषण को भी कम करने में मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में आवागमन हेतु परिवहन के पर्यावरण हितैषी विकल्पों को विकसित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी प्रयास के अंतर्गत वीरवार से परिसर में ई-रिक्शा की सुविधा शुरू की गई है। इस सुविधा के अंतर्गत निर्धारित शुल्क देकर तय रूट पर सफर किया जा सकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, कुलानुशासक प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. रंजन अनेजा, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. शांतेष कुमार सिंह, डॉ. दिनेश चहल, राधेश्याम, सुंदर लाल शर्मा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।



हकेंविवि में ई-रिक्शा की शुरुआत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 13-05-2022**

# हकेंवि में 5 इको-फ्रेंडली ई-रिक्शा शुरू

**आवागमन में होगी सहूलियत, वाहनों से होने वाले प्रदूषण को भी कम करने में मदद मिलेगी**



हकेंवि में ई-रिक्शा की सवारी करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

**भास्कर न्यूज** | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ परिसर में आवागमन की सुविधा के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ई-रिक्शा की शुरुआत की। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व आगंतुकों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने-जाने के लिए 5 ई-रिक्शा उपलब्ध कराए गए हैं। कुलपति ने इस सुविधा की शुरूआत करते हुए कहा कि बैटरी आधारित ई-रिक्शा इको फ्रैंडली होने से वाहनों से होने वाले प्रदूषण को भी कम करने में मदद मिलेगी।

विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि निर्धारित शुल्क देकर तय रूट पर सफर किया जा सकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. रंजन अनेजा, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. शांतेष कुमार सिंह, डॉ. दिनेश चहल, राधेश्याम, सुंदर लाल शर्मा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 13-05-2022**

# हकेवि में इको-फ्रेंडली ई रिक्शा की हुई शुरूआत




हकेवि में ई-रिक्शा की शुरूआत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार • सौ. संस्था

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ परिसर में आवागमन की सुविधा के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बृहस्पतिवार को पर्यावरण हितैषी ई-रिक्शा की शुरूआत की। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व आगंतुकों के एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने-जाने के लिए पांच ई-रिक्शा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कुलपति ने इस सुविधा की शुरूआत करते हुए कहा कि इस सुविधा के माध्यम से कैंपस में एक भवन से दूसरे भवन आने-जाने में सहूलियत होगी और बैटरी आधारित ई-रिक्शा इको फ्रेंडली होने से वाहनों से होने वाले प्रदूषण को भी कम करने में मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में आवागमन के लिए परिवहन के पर्यावरण हितैषी विकल्पों को विकसित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

इसी प्रयास के अंतर्गत बृहस्पतिवार से परिसर में ई-रिक्शा की सुविधा शुरू की गई है। इस सुविधा के अंतर्गत निर्धारित शुल्क देकर तय रूट पर सफर किया जा सकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, कुलानुशासक प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. रंजन अनेजा, प्रो. सुनील कुमार, डा. एपी शर्मा, डा. शांतेष कुमार सिंह, डा. दिनेश चहल, राधेश्याम, सुंदर लाल शर्मा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 13-05-2022**

## हकेवि महेंद्रगढ़ में चलेगा इको-फ्रैंडली ई रिक्शा

**नारनौल (निस)** :हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ परिसर में आवागमन की सुविधा हेतु कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने वीरवार को पर्यावरण हितैषी ई बीपीएससी रिक्शा की शुरूआत की। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व आगंतुकों के एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने-जाने के लिए पाँच ई-रिक्शा उपलब्ध कराएं जा रहे हैं। कुलपति ने इस सुविधा की शुरूआत करते हुए कहा कि इस सुविधा माध्यम से कैम्पस में एक भवन से दूसरे भवन आने-जाने में सहुलियत होगी और बैटरी आधारित ई-रिक्शा इको फ्रैंडली होने से वाहनों के प्रदूषण को भी कम करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर विवि के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

दैनिक ट्रिब्यून Fri, 13 May 2022
https://epaper.dainiktribu

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Jagat Kranti** **Date: 13-05-2022**

# हकेंवि में इको-फ्रेंडली ई रिक्शा की हुई शुरूआत

**जगत क्रान्ति ⏭ ईश्वर तिवारी**

**महेंद्रगढ़** : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ परिसर में आवागमन की सुविधा हेतु कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने वीरवार को पर्यावरण हितैषी ई-रिक्शा की शुरूआत की। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व आगंतुकों के एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने-जाने के लिए पाँच ई-रिक्शा उपलब्ध कराएं जा रहे हैं। कुलपति ने इस सुविधा की शुरूआत करते हुए कहा कि इस सुविधा के माध्यम से कैम्पस में एक भवन से दूसरे भवन मे आने-जाने में सहुलियत होगी और बैटरी आधारित ई-रिक्शा इको फ्रैंडली होने से वाहनों से होने वाले प्रदूषण को भी कम करने में मदद मिलेगी।

विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में आवागमन हेतु परिवहन के पर्यावरण हितैषी विकल्पों को विकसित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी



प्रयास के अंतर्गत वीरवार से परिसर में ई-रिक्शा की सुविधा शुरू की गई है। इस सुविधा के अंतर्गत निर्धारित शुल्क देकर तय रूट पर सफर किया जा सकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, डॉ. दिनेश चहल, राधेश्याम, सुंदर लाल शर्मा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 13-05-2022**

# हकेंवि में ईको-फ्रेंडली ई-रिक्शा की हुई शुरूआत

महेंद्रगढ़, 12 मई (मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ परिसर में आवागमन की सुविधा हेतु कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने वीरवार को पर्यावरण हितैषी ई-रिक्शा की शुरूआत की।




हकेंवि में ई-रिक्शा की शुरूआत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व आगंतुकों के एक से दूसरे स्थान पर आने-जाने के लिए 5 ई-रिक्शा उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

कुलपति ने इस सुविधा की शुरूआत करते हुए कहा कि इस सुविधा माध्यम से कैम्पस में एक से दूसरे भवन में आने-जाने में सहूलियत होगी और बैटरी आधारित ई-रिक्शा ईको फ्रेंडली होने से वाहनों से होने वाले प्रदूषण को भी कम करने में मदद मिलेगी।

विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में आवागमन हेतु परिवहन के पर्यावरण हितैषी विकल्पों को विकसित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी प्रयास के अंतर्गत वीरवार से परिसर में ई-रिक्शा की सुविधा शुरू की गई है। इस सुविधा के अंतर्गत निर्धारित शुल्क देकर तय रूट पर सफर किया जा सकता है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, कुलानुशासक प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. रंजन अनेजा, प्रो. सुनील कुमार सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari (Rewari)** **Date: 13-05-2022**

## हकेवि में इको-फ्रेंडली ई रिक्शा की हुई शुरूआत

**महेंद्रगढ़,** सरोज यादव/महेश गुप्ता (पंजाब केसरी): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ परिसर में आवागमन की सुविधा हेतु कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने वीरवार को पर्यावरण हितैषी ई-रिक्शा की शुरूआत की। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व आगंतुकों के एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने-जाने के लिए पाँच ई-रिक्शा उपलब्ध कराएं जा रहे हैं। कुलपति ने इस सुविधा की शुरूआत करते हुए कहा कि इस सुविधा माध्यम से कैम्पस में एक भवन से दूसरे भवन आने-जाने में सहुलियत होगी और बैटरी आधारित ई-रिक्शा इको फ्रैंडली होने से वाहनों से होने वाले प्रदूषण को भी कम करने में मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में आवागमन हेतु परिवहन के पर्यावरण हितैषी विकल्पों को विकसित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी प्रयास के अंतर्गत वीरवार से परिसर में ई-रिक्शा की सुविधा शुरू की गई है। इस सुविधा के अंतर्गत निर्धारित शुल्क देकर तय रूट पर सफर किया जा सकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, कुलानुशासक प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. रंजन अनेजा, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. ए.पी. शर्मा, डॉ. शांतेष कुमार सिंह, डॉ. दिनेश चहल, राधेश्याम, सुंदर लाल शर्मा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।